बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या : 03/भू0अ0नि0 (4) विशेष सर्वे– 01/2022 ...13267...

प्रेषक,

दीपक कुमार सिंह, भा0प्र0से0
अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी प्रमण्डलीय आयुक्त,
सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना, दिनांक : 09/08/2024

विषय :– राज्य के सभी जिलों में प्रारंभ किये गए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम के समीक्षा एवं पर्यवेक्षण के संबंध में।

महाशय,

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के नियंत्रणाधीन भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा बिहार राज्य के सभी 38 जिलो में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के तहत आधुनिक तकनीक के माध्यम से भू–सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है। भू–सर्वेक्षण का मूल उद्देश्य भू–धारियों के वास्तविक भू–खण्ड का अद्यतन अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराया जाना है, ताकि भूमि विवाद की समस्या को न्यून किया जा सके।

उपरोक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए विभाग/निदेशालय द्वारा सर्वेक्षण कार्य हेतु संविदा के आधार पर विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी/विशेष सर्वेक्षण कानूनगो/ विशेष सर्वेक्षण अमीन/विशेष सर्वेक्षण लिपिक का नियोजन किया गया है।

इसके अतिरिक्त सर्वेक्षण कार्यो के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से बहुउपयोगी निम्नांकित पुस्तको का मुद्रण भी कराया गया है, जिसकी प्रति आपको भी उपलब्ध करायी जा रही है :–

1. तकनीकी मार्गदर्शिका
2. Frequently Asked Question (FAQ)
3. Map and Record Based Land Entitlement (Marble)
4. Map and Geographic Information Compilation (MAGIC)
5. भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर
6. Compendium - I and II

उल्लेखनीय है कि दिनांक 03.07.2024 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा मुख्यालय में तथा इसी तिथि को जिलों के माननीय प्रभारी मंत्री एवं समाहर्त्ता द्वारा राज्य के सभी जिलों में नवचयनित अभ्यर्थियों (9888) को नियोजन पत्र वितरित किया गया है। ज्ञातव्य हो कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा भू–सर्वेक्षण कार्य को **जुलाई, 2025** तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अतः माननीय मुख्यमंत्री द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आपका व्यक्तिगत ध्यान आकृष्ट कराते हुए अनुरोध है कि प्रमण्डलीय स्तर पर एवं जिला स्तर पर विशेष सर्वेक्षण की समीक्षा एवं पर्यवेक्षण करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
6/8/2024
(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

C:\Users\DELL\Downloads\File No 01-2022- 01-08-2024.doc

ज्ञापांक: 03/भू0अ0नि0 (4) विशेष सर्वे– 01/2022 13267 **पटना, दिनांक** 09/08/2024

प्रतिलिपि : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/प्रभारी पदाधिकारी बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक: 03/भू0अ0नि0 (4) विशेष सर्वे– 01/2022 13267 **पटना, दिनांक** 09/08/2024

प्रतिलिपि : निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक: 03/भू0अ0नि0 (4) विशेष सर्वे– 01/2022 13267 **पटना, दिनांक** 09/08/2024

प्रतिलिपि : माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ज्ञापांक: 03/भू0अ0नि0 (4) विशेष सर्वे– 01/2022 13267 **पटना, दिनांक** 09/08/2024

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग